e-Mail

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**स0सं0:–** 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84/2019–Part-II.........2008.........

प्रेषक,

**जय सिंह, भा0प्र0से0**
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**बंदोबस्त पदाधिकारी,**
बेगूसराय/खगड़िया/लखीसराय/जहानाबाद/
किशनगंज/अररिया/कटिहार/पूर्णियाँ/सीतामढ़ी/
सुपौल/सहरसा/मधेपुरा/प0 चम्पारण/जमुई/
मुंगेर/नालंदा/शिवहर/बांका/अरवल/शेखपुरा।

पटना, दिनांक :–12-08-2022

विषय :– विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अंतर्गत मौजावार अधिकार अभिलेख का प्रकाशन निर्धारित किए गए लक्ष्य के अनुसार किए जाने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में स्पष्ट कहना है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अंतर्गत आपके जिले के 89 अंचलों के 4989 राजस्व ग्रामों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अंतर्गत मौजावार अधिकार अभिलेख के प्रकाशन हेतु जून माह की गई समीक्षात्मक बैठक में जून माह से लेकर सितंबर– 2022 तक सभी 4989 राजस्व ग्रामों के अधिकार अभिलेख के प्रारूप प्रकाशन का लक्ष्य निम्नवत् निर्धारित किया गया था:–

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | मौजों की कुल संख्या | जून– 2022 तक प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित किये गए ग्रामों की संख्या | जुलाई– 2022 तक प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित किये जाने वाले ग्रामों की संख्या | अगस्त– 2022 तक प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित किये जाने वाले ग्रामों की संख्या | सितंबर– 2022 तक प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित किये जाने वाले ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | शेखपुरा | 284 | 58 | 50 | 75 | 101 |
| 2 | सुपौल | 252 | 07 | 50 | 70 | 125 |
| 3 | मुंगेर | 313 | 60 | 75 | 78 | 100 |
| 4 | बेगूसराय | 440 | 53 | 70 | 100 | 217 |
| 5 | लखीसराय | 412 | 25 | 60 | 100 | 227 |
| 6 | नालंदा | 396 | 12 | 50 | 100 | 234 |
| 7 | अरवल | 314 | 0 | 40 | 80 | 194 |
| 8 | जमुई | 155 | 3 | 30 | 50 | 72 |
| 9 | मधेपुरा | 114 | 4 | 25 | 35 | 50 |
| 10 | सहरसा | 122 | 0 | 25 | 40 | 57 |
| 11 | बांका | 309 | 9 | 50 | 100 | 150 |
| 12 | प0 चम्पारण | 281 | 11 | 60 | 100 | 110 |
| 13 | खगड़िया | 163 | 0 | 40 | 50 | 73 |
| 14 | शिवहर | 80 | 0 | 25 | 25 | 30 |
| 15 | जहानाबाद | 240 | 1 | 50 | 80 | 109 |
| 16 | कटिहार | 185 | 0 | 40 | 60 | 85 |
| 17 | पूर्णियाँ | 72 | 1 | 20 | 25 | 26 |
| 18 | सीतामढ़ी | 253 | 0 | 60 | 80 | 113 |
| 19 | किशनगंज | 460 | 0 | 40 | 100 | 320 |
| 20 | अररिया | 144 | 0 | 25 | 40 | 79 |
| | **कुल** | **4989** | **244** | **885** | **1388** | **2472** |

जुलाई– 2022 माह में हुई समीक्षात्मक बैठक में पाया गया कि निर्धारित किए गए लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जा सकी है। समीक्षात्मक बैठक में आपके साथ हुए विमर्शोपरांत पुनः जुलाई से लेकर अक्टूबर–2022 तक माहवार प्रकाशित किए जाने वाले अधिकार अभिलेख का लक्ष्य निर्धारित किया गया, जो इस प्रकार है:–

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | मौजों की कुल संख्या | जुलाई– 2022 तक प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित किये गए ग्रामों की संख्या | अगस्त– 2022 तक प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित किये जाने वाले ग्रामों की संख्या | सितंबर– 2022 तक प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित किये जाने वाले ग्रामों की संख्या | अक्टूबर– 2022 तक प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित किये जाने वाले ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कुल ग्राम | कुल ग्राम | कुल ग्राम |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 8 | 10 |
| 1 | शेखपुरा | 284 | 68 | 118 | 188 | 284 |
| 2 | सुपौल | 252 | 12 | 62 | 132 | 252 |
| 3 | मुंगेर | 313 | 70 | 140 | 218 | 313 |
| 4 | बेगूसराय | 440 | 65 | 135 | 235 | 440 |
| 5 | लखीसराय | 412 | 37 | 97 | 197 | 412 |
| 6 | नालंदा | 396 | 23 | 73 | 173 | 396 |
| 7 | अरवल | 314 | 04 | 44 | 124 | 314 |
| 8 | जमुई | 155 | 10 | 40 | 90 | 155 |
| 9 | मधेपुरा | 114 | 09 | 29 | 64 | 114 |
| 10 | सहरसा | 122 | 05 | 25 | 65 | 122 |
| 11 | बांका | 309 | 19 | 59 | 159 | 309 |
| 12 | प0 चम्पारण | 281 | 16 | 71 | 171 | 281 |
| 13 | खगड़िया | 163 | 08 | 48 | 98 | 163 |
| 14 | शिवहर | 80 | 05 | 25 | 50 | 80 |
| 15 | जहानाबाद | 240 | 10 | 60 | 140 | 240 |
| 16 | कटिहार | 185 | 05 | 45 | 105 | 185 |
| 17 | पूर्णियाँ | 72 | 05 | 21 | 46 | 72 |
| 18 | सीतामढ़ी | 253 | 10 | 60 | 140 | 253 |
| 19 | किशनगंज | 460 | 10 | 50 | 150 | 460 |
| 20 | अररिया | 144 | 09 | 34 | 74 | 144 |
| कुल | | 4989 | 400 | 1236 | 2619 | 4989 |

निर्धारित किए गए इस लक्ष्य के अनुसार 31 जुलाई 2022 तक 400 राजस्व ग्रामों का प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित किया जाना था, किन्तु अब तक मात्र 302 राजस्व ग्रामों का प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित किया गया है, जो निम्नवत है:–

| प्रारूप अधिकार अभिलेख (प्रपत्र-12) | | |
|---|---|---|
| 1 | नालंदा | 19 |
| 2 | सुपौल | 10 |
| 3 | पूर्णियाँ | 5 |
| 4 | कटिहार | 4 |
| 5 | मधेपुरा | 6 |
| 6 | बेगूसराय | 67 |
| 7 | बांका | 9 |
| 8 | मुंगेर | 72 |
| 9 | लखीसराय | 26 |
| 10 | शेखपुरा | 61 |
| 11 | पश्चिम चम्पारण | 18 |
| 12 | जहानाबाद | 1 |
| 13 | जमुई | 4 |
| कुल | | 302 |

D:\Sanjeev-2022\Birendra kumar_Aso\director\file no_ 84_2019_Part-II_12.08.2022.doc

उक्त निर्धारित लक्ष्य एवं प्रगति से स्पष्ट है कि निर्धारित किए गए लक्ष्य के अनुसार कार्य का निष्पादन नहीं किया जा रहा है। खेदजनक है कि अब तक 7 जिलों द्वारा एक भी ग्राम के प्रारूप अधिकार अभिलेख का प्रकाशन नहीं किया गया है। आप अवगत है कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है एवं इसकी निरंतर उच्च स्तरीय समीक्षा की जा रही है। यह भी उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा 31 मार्च 2024 तक पूरे राज्य में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त योजना को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस आलोक में अब तक प्रथम चरण में ही लक्ष्य की प्राप्ति का न होना अत्यंत खेदजनक है।

अतः विशेष सर्वेक्षण के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्य के अनुसार प्रत्येक दशा में माहवार प्रारूप अधिकार अभिलेख के प्रकाशन के लक्ष्य को पूरा किया जाए। लक्ष्य की ससमय प्राप्ति के लिए आवश्यक है कि क्षेत्रीय स्तर के कार्यों का निष्पादन अवकाश के दिनों में भी किया जाए एवं कार्य को पूरा करने के लिए अन्य दिनों की भाँति अवकाश के दिनों में भी कार्यों का सतत् अनुश्रवण किया जाए तथा वैसे कर्मी जिनके कारण कार्य बाधित हो रहा है, उनके विरूद्ध अविलंब कार्रवाई की जाए।

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 2/8/22
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84 / 2019– Part-II ......2008...... पटना, दिनांक 12-08-2022

प्रतिलिपिः– अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय), बेगूसराय / खगड़िया / लखीसराय / जहानाबाद / किशनगंज / अररिया / कटिहार / पूर्णियाँ / सीतामढ़ी / सुपौल / सहरसा / मधेपुरा / प0चम्पारण / जमुई / मुंगेर / नालंदा / शिवहर / बांका / अरवल / शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक 2/8/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84 / 2019– Part-II ......2008...... पटना, दिनांक 12-08-2022

प्रतिलिपिः– सहायक निदेशक / प्रशाखा पदाधिकारी / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा / संबंधित जिलों के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक 2/8/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84 / 2019– Part-II ......2008...... पटना, दिनांक 12-08-2022

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक 2/8/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84 / 2019– Part-II ......2008...... पटना, दिनांक 12-08-2022

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप